# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा ,राजस्थान, बीकानेर

उनि/सशि/एफ–501/निशु/पापु//2018–19/02 दिनांक: 23/10/2017

1. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
   प्रथम/द्वितीय माध्यमिक शिक्षा।
2. समस्त संस्था प्रधान
   रा.मा.वि. एवं रा.उ.मा.वि।

विषयः– निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का स्टॉक, वितरण रजिस्टर संधारण तथा आगामी सत्र की मांग का आकलन करने बाबत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत यह ध्यान में आया है कि कतिपय संस्था प्रधान निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर अलग–अलग प्रपत्रों में संधारित कर रहे हैं। इससे विद्यालय एवं नोडल स्तर पर निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों की मांग का सही एवं समय पर आकलन करने में कठिनाई आती है। समय पर सही आकलन नहीं होने से विद्यार्थियों को समय पर निःशुल्क पाठ्यपुस्तक नहीं मिलती हैं एवं अनेक विद्यालयों में अनावश्यक अधिशेष पुस्तकें भी शेष पड़ी रहती हैं। पाठ्य पुस्तकों के समुचित वितरण नहीं होने से विद्यार्थियों का अध्ययन–अध्यापन कार्य प्रभावित होता है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि विद्यालय स्तर पर निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का स्टॉक, वितरण रजिस्टर से संबंधित रिकॉर्ड संलग्न प्रपत्रों के अनुसार संधारित किया जाए । तद्नुरूप पूर्व तैयारी करते हुए शैक्षिक सत्र 2018–19 के लिए कक्षा 1 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 हेतु निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों की मांग का आकलन दिनांक 31 अक्टूबर 2017 तक करें। उक्त क्रम में स्पष्ट किया जाता है कि कक्षा 1से 3 के विद्यार्थियों को सभी पुस्तकें नयी उपलब्ध करवायी जानी है अतः आकलन तद् अनुसार किया जाए।

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी उक्त बाबत् अपने अधीनस्थ विद्यालयों में प्रदत्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करवाएं। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

संलग्नः–उपर्युक्त अनुसार

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान,बीकानेर

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू :–

1. समस्त उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा,
2. रक्षित पत्रावली

उपनिदेशक
समाज शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

कार्यालय का पता – निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर, दूरभाष – 0151–2544164ई–मेल –:
ad.soedu.dse@rajasthan.gov.in, socialedu.gov@gmail.com

# निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर

**विद्यालय स्तर पर स्टाक रजिस्टर अग्रांकित प्रपत्र में संधारित किया जाए**

राज. मा./उच्च माध्यमिक विद्यालय.............................. ब्लॉक................................ जिला ................................ सत्र..........................

| क्र. स. | कक्षा | वर्तमान शैक्षिक सत्र में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या | पंजीकृत विद्यार्थियों का 10% बढाकर कुल संख्या | विषय | पुस्तक का नाम | गत वर्ष की 50% पुरानी पुस्तके | स्टॉक रजिस्टर के अनुसार गत वर्ष की शेष अवितरित नई पुस्तके | स्टॉक रजिस्टर के अनुसी इस सत्र में प्राप्त नई पुस्तके | वितरण योग्य कुल पुस्तकें योग कॉलम (7+8+9) | वितरित पुस्तके | वितरण उपरान्त शेष पुस्तके (10–11) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |

नोटः– उपर्युक्त रजिस्टर के प्रत्येक पृष्ठ को संस्था प्रधान प्रमाणित करेंगे।

## आगामी शैक्षिक सत्र 2018–19 के लिए निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का मांग पत्र

राज. मा./उच्च माध्यमिक विद्यालय.............................. ब्लॉक................................ जिला ................................ सत्र..........................

| क्र.स | कक्षा | वर्तमान शैक्षिक सत्र 2017–18 मे पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या | पंजीकृत विद्यार्थियों का 10% बढाकर कुल संख्या | विषय | पुस्तक का नाम | सत्र 2017–18 की 50% पुरानी पुस्तके | स्टॉक रजिस्टर के अनुसार सत्र 2017–18 की शेष अवितरित नई पुस्तके | योग कॉलम (7+8) | शुद्ध मांग कॉलम ( 4–9) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | | | | | | | | | |

www.rajteachers.com